प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. नयी सरकार के गठन के बाद केन्द्रीय कैबिनेट की पहली बैठक में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाने का फैसला।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की, 9 करोड़ 30 लाख किसानों को मिलेगा लाभ।
3. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं, 12 जून को फिर होगी सुनवाई।
4. मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में 14 जून तक हीट वेव की चेतावनी जारी की, रांची में हल्की बारिश से थोड़ी राहत।

*******************

नयी सरकार के गठन के बाद केन्द्रीय कैबिनेट की आज शाम हुई पहली बैठक में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाने का निर्णय लिया गया। इन घरों में पानी, बिजली, एलपीजी कनेक्शन और शौचालय जैसी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। गौरतलब है कि वर्ष 2014–15 से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू है और पिछले 10 वर्षों में इसके तहत चार करोड़ 21 लाख घर बनाये गये हैं।

*******************

तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद भार संभालने के बाद आज नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। ये किस्त नौ करोड 30 लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

*******************

राजधानी रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने आज सभी जिलों के एसपी, एसएसपी और अन्य वरीय अधिकारियों समेत विभिन्न जेलों के कारा–अधीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों से राज्य में अपराध और विधि व्यवस्था की स्थिति के संबंध में जानकारी ली, और अपराध पर नियंत्रण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

पुलिस महानिदेशक ने यह भी कहा कि राज्य में अब सिर्फ पांच ज़िले नक्सल प्रभावित रह गए हैं। इनमें सबसे अधिक नक्सल प्रभावित ज़िला चाइबासा है, जहां पुलिस अभियान तेज गति से चल रहा है।

*******************

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल में झारखंड को उचित हिस्सेदारी नहीं देने का आरोप लगाया है। रांची में आज प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने कहा कि अभी भी मंत्रिमंडल में सात जगह खाली है और इसमें झारखंड को एक और कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का पद मिलना चाहिए।

*******************

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए कहा कि झामुमोनीत गठबंधन सरकार किसी भी सूरत में यहां के आदिवासियों और मूलवासियों का विकास नहीं चाहती है। रांची में पत्रकारों से बाचतीच में उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्रीय कैबिनेट में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान दिया गया है।

*******************

झारखंड में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में हुई हार और जीत की विस्तृत समीक्षा 12 जून को करेगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने कहा कि पार्टी को झारखंड में आशा अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुए। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार 12 जून को मोरहाबादी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक बुलाई गई है। समीक्षा बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने आज लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया और उनके साथ संवाद किया। इस दौरान डा. उरांव ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निदान का भरोसा दिलाया। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कदम उठा रही है।

*******************

तेजी से बदल रहे वातावरण को देखते हुए देवघर जिले में पौधा रोपण अभियान चलाया जाएगा।

*******************

जमीन घोटाला मामले के आरोपी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील पेश करते हुए कहा कि यह मामला 8 एकड़ 86 डिसमिल भूमि से जुड़ा हुआ है। आरोपों के मुताबिक, राजस्व कर्मचारी ने सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ की। दो बार ईडी ने छापेमारी की लेकिन एजेंसी कोई ऐसा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पायी है, जिससे यह साबित हो सके कि हेमंत सोरेन का इस भूमि से नाता है। कपिल सिब्बल ने एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस की, जिसके बाद कोर्ट ने इडी की बहस सुनने के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विधानसभा के सदस्य पद की शपथ ले ली है। कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक हैं। श्रीमती सोरेन को आज झारखंड विधानसभा के स्पीकर कक्ष में अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने शपथ दिलाई। इस दौरान कल्पना सोरेन के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और मंत्री सत्यानंद भोक्ता मौजूद रहे।

*******************

रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक देविका रघुवंशी ने आज रामगढ़ जिला स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के वेतन लेखा कार्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान पंजाब रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर संजय चंद्र कण्डपाल के साथ लेखा विभाग के दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीमती रघुवंशी ने बताया कि इस नवनिर्मित भवन के निर्माण से करीब 20 हजार जवानों को लाभ मिलेगा। इससे जवानों के काम में सटीकता और दक्षता आयेगी।

*******************

राजधानी रांची में आज दोपहर बाद से मौसम में परिवर्तन आया है। शाम में यहां थोड़ी देर बारिश भी हुई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग ने राज्य के कुछ

जिलों में हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है। गढ़वा, पलामू, चतरा, देवघर, गोड्डा, जामताड़ा और दुमका में कल कहीं–कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है।

*******************

संक्षिप्त खबरें–

- जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र में कल हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से चोरी के आभूषण और नगद बरामद किये गये हैं।
- सरायकेला–खरसावां जिले में अस्पताल प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
- देवघर के उप विकास आयुक्त नवीन कुमार ने आज सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल में मरीजों की सुविधा को लेकर किये गये इंतजामों का जायजा लिया।
- हजारीबाग जिले में उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज पेयजल एवं स्वच्छता और जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने दोनों योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।
- गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

*********समाप्त*********